तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 2 फरवरी 2024

12 विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी शानदार प्रस्तुति...



10 मैत्रीबाग में यादगार होगी फूलों की बारात संडे के ...





# जिला अस्पताल पहुंचे संभागायुक्त राठौर, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

दुर्ग संभाग के संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर ने जिला अस्पताल बालोद का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने इस दौरान उपस्थित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को अस्पताल में आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

संभागायुक्त राठौर ने मरीजों के कक्ष में पहुंचकर उनका हालचाल जाना तथा उन्हें अस्पताल में मिल रही स्वास्थ्य सुविधा, भोजन, दवाईयों आदि के संबंध में चर्चा की। मरीजों ने बताया कि उन्हें समय पर भोजन, दवाईयां मिलती है तथा समय समय पर डॉक्टर आकर उनका स्वास्थ्य जांच भी करते हैं। संभागायुक्त राठौर ने जिला अस्पताल के विभिन्न कक्षों का अवलोकन कर जायजा लिया तथा संबंधितों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए।

उन्होंने दवाई वितरण कक्ष में उपलब्ध दवाईयों के संबंध में जानकारी ली तथा समुचित मात्रा में दवाईयों की उपलब्धता बनाए रखने तथा कालातीत दवाईयों के निष्पादन के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने एक्स–रे व सोनोग्राफी के संचालन तथा ओपीडी व आईपीडी में प्रतिदिन आने वाले मरीजों की संख्या, अस्पताल की सफाई व्यवस्था के संबंध में चर्चा की।

## अधिकारियों को दिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश

### परखी भोजन की गुणवत्ता

राठौर ने अस्पताल के रसोई कक्ष का भी जायजा लिया तथा रसोई कक्ष का संचालन करने वाली समूह की महिलाओं से चर्चा कर आज बनाए गए भोजन की गुणवत्ता के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल में स्थापित ब्लड बैंक का जायजा लिया तथा वहां उपलब्ध ब्लड व उसके प्रकार सहित रक्तदान हेतु लगाए जाने वाले शिविरों की जानकारी प्राप्त की। ब्लड बैंक के अधिकारी ने बताया कि पर्याप्त मात्र में ब्लड उपलब्ध है, समय–समय पर शिविर लगाकर रक्तदाताओं द्वारा रक्त लिया जाता है, जिसे आवश्यकतानुसार मरीजों को उपलब्ध कराया जाता है।



### अस्पताल में ही हो रहा डायलिसिस

श्री राठौर ने अस्पताल में संचालित डायलिसिस कक्ष का भी जायजा लिया। सिविल सर्जन ने बताया कि डायलिसिस के मरीजों का समय पर डायलिसिस हो रहा है, इससे अब जिले के डायलिसिस के मरीजों को बाहर अन्य जिले में जाने की जरूरत नहीं पड़ती, जिला अस्पताल में ही उनका डायलिसिस हो जाता है। संभागायुक्त राठौर ने कहा कि जिला अस्पताल में आने वाले सभी मरीजों को समय पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिलना चाहिए। इसके लिए अस्पताल में सभी व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित कराना सुनिश्चित करें।

## खबर संक्षेप



### राज्यस्तरीय इंस्पायर अवार्ड के लिए चुने गए चंद्रकांत

**जामगांव आर।** सेजस जामगांव आर के छात्र चित्रकांत साहू का इंस्पायर अवार्ड के लिए राज्य स्तर पर चयन हुआ है। चित्रकांत साहू कक्षा ग्यारहवीं का छात्र है। उनकी इस उपलब्धि पर डीईओ अभय जायसवाल ने सम्मानित किया। राज्य स्तर के लिए चयनित होने पर प्राचार्य राजेश पिल्लई, मार्ग दर्शक शिक्षक नंदा सोनी एवं अंजलि ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### राज्य स्तरीय कबड्डी के लिए हुआ यातिश का चयन



**बालोद/सिकोसा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुटेरी (खे) में कक्षा 11 वी में अध्ययनरत्त यातिश कुमार ने 19 वर्ष से कम आयु वर्ग में राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रदर्शन को देखते हुए उसका चयन 67 वीं राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इस राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में छात्र यातिश की टीम क्वार्टर फाइनल तक अपनी जगह बनाने में सफल रही। यह प्रतियोगिता कर्नाटक के मांड्या ज़िले में हुई। छात्र की इस सफलता पर संस्था की प्राचार्य श्वेता पांडेय एवं संस्था के समस्त शिक्षक तथा व्यायाम शिक्षक दिलीप कुमार सिन्हा ने छात्र को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

### छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज अर्जुंदा की बैठक कल

**बालोद।** छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज अर्जुंदा तहसील की मासिक बैठक 3 फरवरी को दोपहर 12 बजे संकुल केंद्र भवन अर्जुन्दा में आयोजित की गई है। बैठक में वर्ष 2024 के लिए सदस्यता शुल्क एवं मासिक पत्रिका जो रायपुर से प्रकाशित की जाती है के संबंध में चर्चा की जाएगी। सचिव सीएल देवांगन ने सदस्यों को अधिक संख्या में उपस्थित रहने की अपील की है।

### देवरी (ख) में मानस गान महोत्सव कल से

**अंडा।** मारूति नंदन मानस परिवार एवं समस्त ग्रामवासी देवरी (ख) के तत्वावधान में दो दिवसीय सस्वर मानसगान महोत्सव 3और 4 फरवरी को रखा गया है। सरपंच खिलेंद्र साहू ने आसपास के ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

### खुरसुनी में मेला मड़ई 8 को

**बालोद/निकुम।** ग्राम खुरसुनी में 8 फरवरी को मेला मड़ई का आयोजन किया गया है। तुका हिरवानी ने बताया कि इस अवसर पर रात्रि में छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक संस्था की संगीतमय प्रस्तुति होगी।

### गौरव आत्महत्या मामले में दो युवती समेत 3 गिरफ्तार

**भिलाई।** एमबीए छात्र के मौत मामले में पुलिस ने युवती समेत तीन को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 306, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी आशीष बंछोर ने बताया कि कैम्प-1 एमबीए छात्र निवासी गौरव राय के आत्महत्या मामले में पुलिस ने वीडियो और साक्ष्य के आधार पर दो युवती और मजहर को पकड़ा गया है। उन पर वीडियों में गौरव ने आरोप लगाया था कि इन्हीं तीनों से परेशान होकर मौत को गले लगा रहा हूं।

उसके बाद पुलिस हरकत में आते हुए तुरंत जांच पर जुट गई।

## कार्रवाई : महानदी किनारे ग्राम पोंड में तहसीलदार ने 50 से अधिक जवानों के साथ मारा छापा

# रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन पर कार्रवाई, दो हाईवा व चेन माउंटेन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

महानदी के किनारे बसे ग्राम पोंड में कथित तौर पर ग्राम पंचायत में रेत घाट की नीलामी कर दी गई। महज 15 लाख पच्चीस हजार में रेत घाट की नीलामी करने के बाद रेत का खनन प्रारंभ हो गया। मामले की जानकारी जिला प्रशासन को हुई, जिला प्रशासन के निर्देश पर बुधवार–गुरुवार की रात्रि को रेत खदान में दबिश दी।

तहसीलदार एवं 50 से अधिक पुलिस जवान ने रात्रि में छापा मारा, छापा मारने के लिए जाते समय मार्ग में दो हाईवा रेत ले जाते दिखे। उन्हें रोककर कागजात पूछने पर उनके पास कोई कागजात नहीं मिला। वहीं, जांच पड़ताल करने के दौरान हाईवा में सवार लोगों ने रेत खदान में सूचना पहुंचा दी, जिससे जब तक जांच टीम रेत घाट तक पहुंची, शेष वाहन एवं चैन माउंटेन के चालक फरार हो गए। चूंकि चैन माउंटेन भारी भरकम मशीन है एवं वह नदी के बीच थी, इसलिए उसे तत्काल हटाया नहीं जा सका। तहसीलदार ने चैन माउंटेन एवं हाईवा को इस आधार पर जब्त किया है कि उनके पास कोई वैध कागजात नहीं थे। तहसीलदार ने कार्रवाई के दौरान रेत से भरे दो हाईवे एवं चैन माउंटेन को जब्त कर मामला बनाकर कलेक्टर खनिज शाखा को भेज दिया है।




### लगभग दस एकड़ में हो चुका है खनन

घाट का अवलोकन करने पर लगता है कि यहां लंबे समय से अवैध रूप से खनन का कार्य किया जा रहा था, क्योंकि लगभग 10–15 एकड़ से अधिक क्षेत्र में रेत खनन के निशान नजर आ रहे हैं, इससे स्पष्ट है कि यहां बड़े पैमाने पर खनन का कार्य लंबे अरसे से किया जा रहा है।

### नहीं थे कागजात

उच्च कार्यालय के निर्देश के बाद देर रात रेत घाट में दबिश दी गई थी। जांच के लिए जाते समय दो हाईवा रेत भरकर जा रहे थे उनके पास कोई वैध कागजात नहीं थे। वहीं, रेत खनन का भी वैध कागजात नहीं था। इसलिए दोनों हाईवा व रेत खदान में खड़े चैन माउंटेन को जब्त कर मामला कलेक्टर खनिज शाखा को भेज दिया गया है।

- **हनुमंत श्याम,** तहसीलदार।

### पंचायत की भूमिका संदेह के दायरे में

मामले में रेत खदान का अवैध रूप से नीलाम करने वाली पंचायत के खिलाफ कोई जांच या कार्रवाई नहीं की गई है, जबकि पूरे मामले में ग्राम पंचायत की भूमिका संदेहों के दायरे में है, क्योंकि पंचायत पर आरोप है कि उसने बाकायदा नीलामी कर रेत खदान को जहां केवल 15 लाख 25 हजार में नीलाम किया है, वहीं इसके लिए कोई सक्षम अधिकारी से अनुमति या आदेश भी नहीं लिया गया है। इस संबंध में सरपंच नरसिंह साहू से बात करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने बाद में बात करता हूं कह कर मोबाइल कट कर दिया।

# बैंक डकैती मामले में फरार आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

- तीन आरोपी पहले ही किए जा चुके हैं गिरफ्तार, एक अन्य की तलाश जारी

थाना अंडा से 500 मीटर की दूरी पर स्थित जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित शाखा में चोरी की घटना को अंजाम देने के फरार आरोपी धर्मेंद्र टुंडे को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इस मामले में 3 अन्य आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

पुलिस केअनुसार 25 जनवरी 2024 को थाना वैशली नगर जिला दुर्ग निवासी प्रार्थी तारांचद पाटिल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 24 जनवरी को प्रतिदिन की भांति बैंक का काम करने के बाद बैंक बंद कर घर चले गए थे। रात्रि 12.30 बजे ग्राम अण्डा निवासी दिग्विजय सिन्हा ने फोन पर सूचना दी कि अज्ञात पांच व्यक्ति जिला सहकारी बैंक अण्डा के मेन गेट के पास खिड़की के में लगे लोहे ग्रील को तोड़ काट रहे हैं। बैंक के अंदर घुस कर कुछ वस्तुएं लेकर मोटर सायकल में एक दूसरे का नाम लेते हुए लोग आ गए हैं, भागो, कहते हुए भाग गए। बताने पर मैं अपने स्टाफ के साथ बैंक आकर देखा तो बैंक के पास पुलिस वाले तथा लोग इकट्ठा थे। बैंक के मेन



चैनल गेट खिड़की में लगी लोहे की ग्रील कटी हुआ था। बैंक अंदर जाकर देखा तो बैंक में रखे दो नग लेनोवो कंपनी का मानीटर तथा सुरेश यादव के केस काउन्टर के ड्राज में रखे नगदी 4700 तथा उनके ड्रायविंग लायसेंस पर्स में रखा था नहीं था।

कुल मिलाकर 29700 रूपए की डकैती कर ले गये थे। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना अण्डा में अपराध क्रमांक 16/ 2024 धारा 450, 402, 399, 395 भादवि का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान 25 जनवरी को तीन व्यक्ति को गिरफ़्तार कर न्यायालय पेश किया गया, जो न्यायालय के आदेश पर केन्द्रीय जेल दुर्ग में निरूद्ध हैं। वहीं, मामले में फरार आरोपी धर्मेन्द्र टुन्डे एवं सलमान की तलाश की जा रही थी। उनमें से धर्मेन्द्र टुन्डे को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है।

## आत्मानंद स्कूल की छात्राएं सीख रही हैं आत्मरक्षा के गुर...



**अर्जुंदा।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट इंग्लिश माध्यम विद्यालय अर्जुंदा के छात्राओं के लिए रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण शुरू हुआ, जो तीन माह तक चलेगा। आत्मरक्षा प्रशिक्षक गिरधर कुमार सिन्हा ने बताया कि प्रशिक्षण को लेकर छात्राओं में उत्साह है। प्राचार्य नीलम कौर ने बताया कि छात्राओं को प्रशिक्षण से आत्मरक्षा करने के साथ आत्मविश्वास बढ़ता है। व्यायाम शिक्षक पीआईटी अश्वनी पटेल ने बताया कि प्रशिक्षण छेड़छाड़ की बढ़ती घटनाओं को रोकने में मदद व आत्मसम्मान बढ़ता है। अप्रिय घटना भी रोकी जा सकती है। प्रशिक्षण ले रही छात्रा देविका, खोनम, यालिशा, खुशी, नुपूर, दिव्या, प्रतिक्षा ने कहा कि प्रशिक्षण बहुत उपयोगी है। हम सभी प्रशिक्षण पूर्ण करेंगे। उन्होंने कहा कि आज के माहौल में आत्मरक्षक के लिए खुद सक्षम बनें, इसके लिए आत्मरक्षा का प्रशिक्षण बहुत ही जरूरी हो गया है।

# जिले में बंदरों के उत्पात से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज:बालोद

- संबंधित विभाग नहीं कर पा रहा समस्या का निराकरण

जिले में बंदरों का उत्पात लगातार अलग अलग तरीके से देखने को मिलता है, जिसके कारण लोग परेशान हैं। बंदरों से बचने के लिए किसानों के साथ ही आमजनता अनेक प्रयास करते नजर आते हैं, लेकिन इन्हें संरक्षित कर उत्पात को रोकने के लिए वन विभाग द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। ग्रामीण अंचलों के साथ ही जिला मुख्यालय में सैकड़ों बंदर अपना बसेरा बना चुके हैं। ये आए दिन छत और खपरैल के घरों में उत्पात मचाने के साथ ही लोगों को परेशान करते हैं। लेकिन उनके उत्पात और बंदरो को जिला मुख्यालय से दूर भगाने के लिए कोई भी प्रयास संबंधित विभाग द्वारा नहीं किया जाता। इसका खामियाजा लोगों को आए दिन भारी नुकसान उठाकर भुगतना पड़ता है।

जिला मुख्यालय के लोग ज्यादातर खपरैल के टूटने और विद्युत वायर के टूटने से परेशान हैं। साथ ही मकान की छतो पर कोई भी खाद्य सामग्री जैसे चावल, दाल सब्जी को सूखाना भी भारी पड़ रहा है, क्योंकि इन खाद्य सामग्रियों को बंदर अपना निवाला बना लेते हैं। साथ जिला मुख्यालय के सैकड़ों दुकानदारों को बंदरों द्वारा खाद्य सामग्री को छिन कर अपना निवाला बनाने के कारण नुकसान उठाना पड़ रहा है। लेकिन इसके बावजूद प्रशासन द्वारा समस्या के निराकरण की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसके कारण जिला मुख्यालय में लोग प्रताड़ित और परेशान नजर आ रहे हैं।



### फसल को तहस-नहस कर रहे बंदर

वहीं, ग्रामीण अंचलों में दलहन और तिलहन के साथ ही सब्जियों की खेती की जा रही है। लेकिन, किसानों को अब बंदरों से इन सब्जियों को बचाने के लिए दिन भर रखवाली करनी पड़ रही है। किसानों ने बताया कि यदि किसी दिन वे रखवाली करने से चूक गए तो बंदर पूरी सब्जी बाड़ी को तहस नहस कर बर्बाद कर देते हैं, जिससे बहुत ज्यादा नुकसान उठाना पड़ता है, लेकिन बंदरों को भगाने और नुकसान से बचाने के लिए वन विभाग द्वारा कोई भी प्रयास नहीं किया जा रजा है।

## कलेक्टर ने नगर पालिका के अधिकारियों को दिए व्यवस्थित करने के निर्देश

# अब बदलेगी कृष्ण कुंज की तस्वीर, शीघ्र होंगे सुधार कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मुख्यालय स्थित कृष्ण कुंज की अब तस्वीर बदलने वाली है। कलेक्टर के निर्देश के बाद उसमे आवश्यक सुधार व कार्य किया जाएगा।

लगभग डेढ़ वर्ष पहले वन विभाग के माध्यम से 19.50 लाख की लागत से कृष्ण कुंज का निर्माण किया गया था, जो जीर्ण शीर्ण हालात में पड़ा हुआ था। इसके कारण गार्डन घूमने वाले पर्यटकों के साथ ही जिला मुख्यालय के लोगों को चौपाटी निर्माण होने के पश्चात संचालन नहीं होने से रोजगार के साथ ही अन्य वैकल्पिक सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो रही थीं। वर्तमान कलेक्टर इन्द्रजीत चन्द्रवाल के आने के पश्चात कृष्ण कुंज गार्डन का निरीक्षण कर नगर पालिका को तत्काल निर्देशित कर चौपाटी व्यवस्थापन और संचालन के लिए आदेशित किया गया। उसके बाद अब कृष्ण कुंज गार्डन मे स्थापित पूर्व में बनी चौपाटी और आकर्षक शेड को अन्य जगहों पर व्यवस्थापित करने के साथ ही गार्डन निर्माण का कार्य प्रारंभ किया गया है। इससे अब बेराजगार लोगों में उम्मीद नजर आ रही है कि वे चौक चौराहों पर घूम घूम कर जो व्यवसाय करते हैं, उसे एक व्यवस्थित जगह पर जाकर कर सकेंगे। इससे गार्डन में घूमने वाले लोगों को नाशता पानीं के साथ ही अन्य सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा।



### चौपाटी में टूट-फूट

आपको बता दें कि कृष्ण कुंज गार्डन में ढाई सौ से ज्यादा बेशकीमती फूल पौधे लगाए गए हैं, जिसकी सुरक्षा के लिए कर्मचारियों की नियुक्ति वन विभाग द्वारा की गई है। इसके कारण लोग सुबह शाम इस गार्डन में अपना समय व्यतीत करने पहुंचते हैं। वहीं, डीएमएफ द्वारा जो चौपाटी का निर्माण किया गया था उसे बेरोजगारों को आबंटित नहीं किया गया था, जिसके कारण वह टूट फूटकर जर्जर होते जा रहा था। वहीं, बांस से बने विभिन्न कलाकृतियां और दुकानों पर दीमक लग रहा था और वह ऐसे ही खराब हो रहा था।

### छेड़छाड और मारपीट करने वाले को 3 साल की सजा

**भिलाई।** किशोरी से रेप करने की धमकी देकर छेड़खानी और मारपीट करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को तीन वर्ष सश्रम की कारावास की सजा न्यायालय ने सुनाई है। मिली जानकारी के मुताबिक अपर सत्र न्यायाधीश चतुर्थ एफटीसी संगीता नवीन तिवारी की न्यायालय ने आरोपी सेक्टर 6 निवासी विशाल ठाकुर को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 8 के तहत सजा सुनाई है। 100 अर्थ दंड, धारा 323 के तहत दो बार तीन-तीन माह का सश्रम करावास, धारा 294 के तहत एक माह की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक संतोष कसार ने पैरवी की थी। 13 वर्षीय किशोरी को उसकी सहेली की मां बुलाकर अपने घर 24 जुलाई 2018 को लेकर गई थी।

पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100

**खबर संक्षेप**

### मोदी की एक और गारंटी पूरी हुई : डॉ मोना

**गुरूर।** कैबिनेट की बैठक में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा



महतारी वंदन योजना को मंजूरी देना, छत्तीसगढ़ की महिलाओं के लिए बहुत बड़ी सौगात है। महिला मोर्चा महामंत्री डॉ मोना टुवानी ने कहा कि इसके तहत 2.5 लाख से कम आय वाले परिवार की महिलाओं को हर महीने 1000 रुपए के हिसाब से सालाना 12000 रुपए दिए जायेंगे। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की एक और गारंटी को पूरा करते हुए हमारे मुख्यमंत्री ये साबित कर दिया कि हमने जो कहा वो किया। इस पर महिला मोर्चा महामंत्री डॉ मोना टुवानी ने अपनी खुशी जाहिर की है एवं प्रधानमंत्री मोदी एवं मुख्यमंत्री साय का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया है। डॉ मोना टुवानी ने बताया कि 1 जनवरी 2024 को जिन महिलाओं की उम्र 21 वर्ष पूर्ण है से लेकर 63 वर्ष तक की महिलाओं के लिए यह लागू होगा। इसे विवाहित महिलाओं के साथ ही साथ विधवा एवं तलाक शुदा महिलाएं भी एक लाभ उठा सकेंगी।

### महाविद्यालय की प्रायोगिक परीक्षाएं कल से

**डौंडीलोहारा।** शासकीय एकलव्य महाविद्यालय डौण्डीलोहारा के बीएससी/बीए (भूगोल) प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा 3 फरवरी से प्रारम्भ हो रही है। महाविद्यालय के प्राचार्य राजू लाल कोसरे ने उक्त जानकारी देते हुए समय सारिणी के अनुसार समस्त नियमित एवं अमहाविद्यालयीन तथा भूतपूर्व परीक्षार्थी परीक्षा प्रारम्भ होने के 30 मिनट पूर्व प्रायोगिक फाइल एवं आवश्यक सामग्री के साथ विषय से संबंधित विभाग में उपस्थित होने को कहा है। श्री कोसरे ने कहा कि अनुपस्थित होने की स्थिति में परीक्षार्थी स्वयं जिम्मेदार होगें एवं विश्वविद्यालय के आदेशानुसार अनुपस्थित परीक्षार्थियों के लिए अलग से परीक्षा आयोजित नहीं होगी और न ही अन्य परीक्षा केन्द्र में बैठने की अनुमति नहीं होगी।

### राज को राष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग में स्वर्ण

**रायपुर।** उत्तरप्रदेश के लखनऊ शहर में 45 वीं अखिल भारतीय विद्युत मंडल बोर्ड पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन 28 से 30 जनवरी तक किया गया। इस प्रतियोगिता में दुर्ग के राज वासनिक ने छत्तीसगढ़ राज्य की टीम का प्रतिनिधित्व कर स्वर्ण पदक जीता। 105केजी वजन वर्ग समूह में खेलते हुए राज ने स्कॉट में 310 केजी, बेंच प्रेस में160 केजी और डेडलिफ्ट में 205 केजी सहित कुल 675 केजी वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता। विदित हो कि 01वर्ष पूर्व राज वासनिक ने न्यूजीलैंड में आयोजित कॉमनवेल्थ पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में भारत के लिए रजत पदक जीता था।

**निधन**

### शिशुपाल सिंह देशमुख

**लाटाबोड़।** ग्राम जगन्नाथपुर निवासी शिशुपाल सिंह देशमुख (60 वर्ष) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 1 फरवरी को गांव के मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में सामाजिक जन सहित स्थानीय ग्रामीण शामिल हुए और उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। वे केसर बाई के पति और गुनेश्वर देशमुख के पिता थे।

## प्रवचन : धानापुरी में श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिन हुआ रुक्मिणी विवाह प्रसंग

# परमात्मा से आत्मा का मिलन रुक्मिणी मंगल है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम धानापुरी में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिन गोवर्धन लीला, रुक्मिणी विवाह की कथा सुनाया गया।

कथा के दौरान पंडित कृष्ण कुमार तिवारी ने कहा कि परमात्मा से आत्मा का मिलन रुक्मिणी मंगल है। भगवान जिस गोवर्धन को धारण करते हैं, मानो इस लीला से वह जीव मात्र को यहां उपदेश दे रहे हैं कि मैं केवल ब्रजवासियों के लिए सात दिन गोवर्धन को धारण नहीं करता बल्कि सारी सृष्टि के भार को प्रत्येक जीव के भार को सदैव अपनी कनिष्ठ उंगली पर धारण करता हूं। जो भक्त एक बार मेरे शरण में आ जाता है मैं उसकी रक्षा के लिए सात दिनों तक भी भूखा रहने के लिए तैयार रहता हूं।

उन्होंने बताया कि प्रभु जो रासलीला करते हैं वहां काम ही नहीं अपितु कृपा की लीला होती है। इस लीला में केवल गोपियां को ही रास करने को अधिकार है। गोपी एक है फिर वह पुरुष हो या स्त्री, क्योंकि गो का अर्थ होता है इंद्रिया एवं पी का अर्थ होता है पीना, जो अपनी इंद्रियों से रास के रस को पीने में समर्थ है, वह प्रत्येक जीव गोपी है। उन्होंने कहा कि कभी भी सांसारिक कामना







से कथा नहीं सुननी चाहिए, केवल भगवान का ध्यान एवं अपने जीवन की गति सुधारने की कामना से कथा सुननी चाहिए। इसके अलावा श्रीमद् भागवत कथा में श्री कृष्ण रुकमणी के विवाह का जीवन प्रसंग प्रस्तुत किया। इस दौरान आकर्षक झांकी सजाई गई। कृष्ण रुक्मणी विवाह बड़े ही धूमधाम से हुआ श्रद्धालुओ द्वारा रुक्मिणी का कन्यादान किया गया। बारात में श्रद्धालु जमकर झूमे। कथा सुनने दूरदराज से काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। कथा का आयोजन समस्त ग्राम वासी द्वारा किया गया है।

### प्रकृति पूजा का संदेश

गोवर्धन लीला की कथा सुनाते हुए कहा कि इंद्र अपनी पूजा कराते कराते बहुत अभिमान में आ गया था और गोवर्धन की पूजा कराने से भगवान ने यह संदेश दिया कि इन वृक्षों पर फल फूल लगते हैं जिन वृक्षों की लकड़ियां हमें भोजन बनाने में सहायता प्रदान करती हैं, जहां पर गौ माता विचरण करती है, ऐसे गोवर्धन नाथ की पूजा हमें करनी चाहिए जो गोवर्धन नाथ सबको अपनी शरण में रखते हैं, हम ऐसे गिरिराज जी की पूजा करें और प्रकृति की पूजा करने में ही सभी का भला है।

## राज्य स्तरीय वेटलिफ्टिंग के लिए अर्जुंदा के खिलाड़ियों का चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

21 वीं ओपन सीनियर राज्य स्तरीय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता के लिए नगर पंचायत अर्जुंदा के बालक बालिकाओं का चयन हुआ है।

2 फरवरी से 4 फरवरी तक यह प्रतियोगिता रायपुर में जेएन पांडे स्कूल नल घर चौक में प्रतियोगिता आयोजित होगा, जिसमें शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अर्जुन्दा से बालिका वर्ग से 45 किलो भार वर्ग में चंचल रावटे, काजल ठाकुर, इंद्राणी साहू, 49 किलो भार वर्ग में मोनिका सहारे, भाग्यश्री 55 किलो भार वर्ग में डिकेश कुंजम, भारती साहू, 59 किलो भार वर्ग मे देविका देशमुख, 64 किलो भार वर्ग मे हेमा मंडावी एवं 87 किलो भार वर्ग मे अंजलि देवांगन का चयन हुआ है। स्वामी आत्मानंद शासकीय आदर्श भारती उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय अर्जुन्दा से बालक वर्ग में 55 किलो भार वर्ग में रूपेन्द्र कुमार, मितेश कुमार, 61 किलो भार वर्ग में हिमांशु, लूमेश कुमार एवं शेखर राजपूत, 67 किलो भार वर्ग में नोवाल दास, तेजेश, 73 किलो भार वर्ग में रोहन खिलरिया, 89 किलो भार वर्ग में गगन देशमुख का चयन हुआ है।

इन सभी खिलाडियों को नगर पंचायत अर्जुन्दा अध्यक्ष चंद्रहास देवांगन, स्वामी आत्मानंद स्कूल पीटीआई अश्वनी पटेल, योगेंद्र उके एवं कोच प्रकाश देशमुख ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

## चीचा पहुंचे विधायक निषाद, मृतक बच्चे के परिजनों को बंधाया ढांढस



**अर्जुंदा।** ग्राम चीचा में 10 वर्षीय बच्चे की निर्ममता से हत्या का मामला सामने आने के बाद क्षेत्रीय विधायक कुंवर सिंह निषाद शोक संतप्त परिवार से मिलने उनके गांव चीचा पहुंचे। वहां उन्होंने इस मामले में पुलिस द्वारा की जा रही कार्रवाई की जानकारी ली। बता दें बुधवार शाम को चीचा के गौठान के निर्माणाधीन कमरे में चौथी कक्षा के छात्र तोरण लाल साहू का शव मिला था। जिसके गले में रॉड से मारने के निशान मौजूद थे। इस घटना के बाद देर रात तक पूरे गांव में तनाव का माहौल रहा। इस घटना की जानकारी लगते ही विधायक कुंवर निषाद गांव पहुंचे और मृतक बच्चे को श्रद्धांजलि देकर घटना स्थल को देखा। इसके बाद ग्रामीणों से मुलाकात की। विधायक निषाद ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए बेहद दुःख जताया।

## जनचौपाल में पहुंची महिलाओं को मिला मनरेगा जॉब कार्ड

**गुरूर।** ग्राम पंचायत भरदा रूकसाना पति मुस्तफा खान और अनिशा परवीन पति मुस्ताक खान अपनी आर्थिक परेशानियों को लेकर कलेक्टर जनचौपाल गई। कलेक्टर के निर्देश के बाद रूकसाना और अरिशा परवीन को मनरेगा जॉब कार्ड प्रदान किया गया।



दोनों महिलाएं कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के समक्ष अपनी परिवारिक स्थिति के बारे में बताया कि वह एक भूमिहीन मजदूर है, मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करती हैं। परिवार के पास आय का स्त्रोत नहीं है। इसके कारण काम के लिए यहां वहां भटकना पड़ता है। आवेदिका ने अपनी इच्छानुसार मनरेगा कार्य की मांग की, किन्तु आवेदिका के पास मनरेगा जॉब कार्ड नहीं था। कलेक्टर गंभीरता पूर्वक आवेदिका की समस्या को संज्ञान में लेते हुए तत्काल जनपद गुरूर सीईओ और मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि आवेदिका से आवश्यक दस्तावेज लेकर मनरेगा नियम का पालन करते हुए हितग्राहियो का जॉब कार्ड बनाए। कलेक्टर के निर्देश पर ग्राम पंचायत भरदा द्वारा पात्रता की जांच करते हुए आवेदिका रूकसाना और अरिशा परवीन की मांग को पूर्ण करते हुए 2 दिवस के भीतर मनरेगा जॉब कार्ड प्रदान किया गया।

## पंचगव्य पद्धति से रोगों के इलाज के लिए शिविर 4 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम करहीभदर स्थित हनुमान मंदिर के पास 4 फरवरी को सायंकाल 6.30 बजे से गऊ माता से निरोगी भारत जो कि अमर शहीद भाई राजीव दीक्षित का स्वर्णिम स्वप्न रहा, विषय पर गो विज्ञान पर आधारित पंचगव्य चिकित्सा पद्धति द्वारा जटिल, साध्य, असाध्य, कष्टसाध्य रोगों का कैसे सफलतम इलाज संभव है, कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

- करहीभदर स्थित हनुमान मंदिर के पास किया जाएगा आयोजन

इस पर प्रवचन पंचगव्य विद्यापीठम् गुरुकुलम के पीठाधीश्वर कुलपति गव्य सिद्धाचार्य डाक्टर निरंजन वर्मा कांचीपुरम चेन्नई द्वारा





दी जाएगी। यह कार्यक्रम पुज्य गुरु के छत्तीसगढ़ पंचगव्य डाक्टर एसोसिएशन द्वारा इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित 02 फरवरी से 04 फरवरी दोपहर तक आयोजित होने वाले कार्यक्रम के समापन पश्चात क्षेत्रवासियों को प्राप्त हुआ है। यह कार्यक्रम किसलय होम्योपैथी एवं आयुर्वेद एजेंसी बालोद के संचालक नाड़ी वैद्य और गव्य सिद्ध पुरूषोत्तम सिंह राजपूत, गव्य सिद्ध टेमिन, गव्य सिद्ध मनीष दास गुरु जी के कृपा पात्र शिष्यों द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

इस अवसर पर अपने आध्यात्मिक गुरु ब्रम्हलीन स्वामी आत्माराम कुभंज और अपने माताजी स्व गुलाब देवी राजपूत और पिताजी स्व अर्जुन सिंह राजपूत के स्मृति में स्थापित हो रहे मगचुआ नंगझर स्थित विशाल किसलय गो तीर्थ एवं पंचगव्य चिकित्सा अनुसंधान संस्थान का भुमि पुजन द्वितीय दिवस प्रातः काल में पुज्य गुरु जी डाक्टर निरंजन वर्मा द्वारा सम्पन्न होगी। आयोजक और छत्तीसगढ़ पंचगव्य डॉक्टर एसोसिएशन ने 4 फरवरी को संध्या आयोजित व्याखान प्रवचन का लाभ उठाने सभी क्षेत्रवासियों, ग्रामवासियों और गोप्रेमी, गोभक्तों और गौरक्षकों से अपील की है।

## नगरी निकायों में सफाई व पेयजल व्यवस्था बेहतर बनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि जिले के नगरीय निकायों में सफाई व पेयजल व्यवस्था बेहतर बनाये रखना सुनिश्चित करें। डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन, अपशिष्ट प्रबंधन नियमित रूप से हो।

- नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश

कलेक्टर चन्द्रवाल संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिले के नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक लेकर उक्ताशय के सम्बंध में दिशा निर्देश दिए। उन्होंने नगरीय निकायवार डोर-टू-डोर कचरा



कलेक्शन, गीला व सूखा कचरा के निष्पादन के सम्बंध में जानकारी ली। नगरीय निकायों के अधिकारियों ने बताया कि स्वसहायता समूह की महिलाओं के द्वारा ई-रिक्शा व अन्य वाहनों के माध्यम से घर-घर जाकर प्रतिदिन गीला व सूखा कचरा लिया जाता है। उक्त कचरे का सेरिगेशन एसएलआरएम सेंटर में समूह की महिलाओ के द्वारा किया जाता है। जहां पर गीले कचरे का कम्पोस्ट बनाया जाता है वही सूखे कचरे प्लास्टिक आदि का विक्रय कर महिलाओं द्वारा अतिरिक्त आमदनी अर्जित की जाती है। इसके साथ ही शहर में सड़कों, चौक चौराहों, नालियों की नियमित रूप से सफाई की जाती है। कलेक्टर ने कहा कि जिले के 8 नगरीय निकायों में नियमित रूप से सफ़ाई व्यवस्था बेहतर होनी चाहिए इसके लिए जागरूकता अभियान चलाए। कलेक्टर चन्द्रवाल ने जिले के नगरीय निकायों में चल रहे विकास कार्यो की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने नगरीय क्षेत्रें में चल रहे निर्माण कार्यो के पूर्ण कार्य, अपूर्ण कार्य, अप्रारम्भ कार्यो की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने अपूर्ण कार्यो को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर चन्द्रवाल ने नगरीय निकायो में पेयजल आपूर्ति की भी समीक्षा की। उन्होंने नगरीय निकायो में जल प्रदाय योजना के क्रियान्वयन पर चर्चा की तथा नगरीय निकायों के घर-घर में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

### पार्किंग व्यवस्था करें दुरुस्त

कलेक्टर चंद्रवाल ने नगर यातायात व्यवस्था दुरस्त करने हेतु सड़क किनारे खड़े किए जाने वाले वाहनों की व्यवस्थित ढंग से पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास निर्माण कार्यो की भी समीक्षा की तथा निर्माणाधीन आवास को जल्द से जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, स्वच्छ भारत मिशन, पेंशन प्रकरण, राशनकार्ड नवीनीकरण आदि की भी समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## कला केन्द्र पहुंचे संभागायुक्त, किया अवलोकन



**बालोद।** दुर्ग संभाग के संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर ने जिला मुख्यालय बालोद स्थित कला केन्द्र पहुंचकर संचालित गतिविधियों का किया अवलोकन। उन्होंने वहां संगीत कक्ष, गिटार कक्ष, जुम्बा क्लास आदि का अवलोकन किया। इस दौरान वे संगीत कक्ष में 08 वर्षीय बालक सिद्धार्थ साहू द्वारा किए जा रहे सुमधुर तबला वादन को देख काफी प्रसन्न हुए। उन्होंने कहा कि कला केन्द्र एक अच्छी पहल है, इसके माध्यम से जिले के कलाकारों को अपने हुनर को आगे बढ़ाने का बेहतर मंच मिला है।

## गुणवत्ता के साथ समय पर करें पुल का निर्माण : चंद्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने बालोद विकासखण्ड के ग्राम मुजगहन के समीप पीपरछेड़ी से लिमोरा रोड के बीच बन रहे उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य का निरीक्षण कर जायजा लिया।

उन्होंने मौके पर संबंधित विभाग के अधिकारी से पुल निर्माण की वस्तुस्थिति के सम्बन्ध में जानकारी ली। मौके पर बताया कि यह पुल क्षेत्र वासियों के लिए



बहुप्रतीक्षित था। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत इस पुल के निर्माण के लिए 2 करोड़ 72 लाख रुपये की स्वीकृति मिली है। इसके तहत निर्माण कार्य निरंतर जारी है। यह पुल 40 मीटर लम्बा होगा। साथ ही एप्रोच रोड बनाया जाएगा। इससे आसपास के ग्रामीणों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी। कलेक्टर चन्द्रवाल ने कहा कि पुल का निर्माण पूर्ण गुणवत्ता के साथ समय सीमा से पूर्व पूरा कराना सुनिश्चित करें, जिससे लोगों को आवागमन में आसानी हो।

**कार्यालय, नगर पंचायत डौण्डीलोहारा, जिला-बालोद (छ.ग.)**
(फैक्स न. 07748-264211 व ईमेल आईडी, cmo.npdld@gmail.com)
क्रमांक 963/ रा./ न.प. / 2023-24
डौण्डीलोहारा दिनांक : 30/01/2024

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को जानकारी के लिए सूचना प्रकाशित किया जाता है कि श्रीमती संतोषी देवी साहू पति श्री भोलाराम साहू निवासी वार्ड क्र. 10 डौण्डीलोहारा, जिला-बालोद जो कि डौण्डीलोहारा में स्थित आबादी भूमि ख.नं. 631 का टुकडा, रकबा 40x37 = 1480 वर्गफिट 1030 वर्ग फीट पर बिना कालम युक्त निर्मित पक्का मकान है जो नगर पंचायत के सम्पत्तिकर रजिस्टर श्री ऐनुकुमार आत्मज प्रेमसिंह, निवासी ग्राम-परसाडीह पोस्ट अछोली तह. मारींबंगला देवरी के नाम से सरल क्रमांक 46 पर दर्ज है जिसे नाम परिवर्तन कर अपने स्वयं का नाम **श्रीमती संतोषी देवी साहू पति श्री भोलाराम साहू** निवासी वार्ड **क्रमांक** 10 डौण्डीलोहारा का नाम दर्ज करने हेतु इस कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है जो इस कार्यालय में विचाराधीन है इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो 15 दिवस तक अपना आपत्ति सहित भूमि संबंधित मूल प्रमाण पत्रों के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है निर्धारित अवधि समाप्त होने के पश्चात प्राप्त होने वाले आपत्तियों पर विचार नही किया जावेगा ।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत डौण्डीलोहारा**
**जिला-बालोद (छ.ग.)**

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

एकता हॉस्पिटल एवं पैथालॉजी सेंटर
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल धमतरी
बिजली ऑफिस, नहर के पास, रायपुर रोड धमतरी
मो : 7067576396, 8319272982
ESIC CARD सुविधा उपलब्ध
आईसीयू, एम्बुलेंस व डिजिटल एक्सरे सुविधाएं 24 घंटे उपलब्ध
डॉ. अभिषेक लॉज एम.एस. ऑर्थो (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
डॉ. नरेश देवांगन एमबीबीएस, न्यूरो सर्जन (मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ)
डॉ. गौरव त्रिपाठी कार्डियोलॉजिस्ट
डॉ. मुरारी वशानी डेंटल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जन
डॉ. यतीन देवांगन प्लास्टिक सर्जन
डॉ. उत्कर्ष नंदा एम.एस.सर्जन (जनरल सर्जन)
डॉ. एस.दास एमबीबीएस, एमडी (मैडीसिन विशेषज्ञ)
आयुष्मान भारत से इलाज की सुविधा उपलब्ध
डॉ.आकाश अग्रवाल यूरोलॉजी

"ਜੇਹਾ ਚੀਰੀ ਲਿਖਿਆ ਤੇਹਾ ਹੁਕਮੁ ਕਮਾਹਿ ॥ ਘਲੇ ਆਵਹਿ ਨਾਨਕਾ ਸਦੇ ਉਠੀ ਜਾਹਿ ॥"
"अंतिम अरदास"



स्व. सरदार सेवा सिंह जी ओबेरॉय
जन्म: 04.04.1932 - स्वर्गवास: 28.01.2024
अत्यंत दुःखित हृदय से सूचित करते है की हमारे सम्मानीय मेसर्स सेवा सिंह ओबेरॉय एंड कंपनी के संस्थापक
सरदार सेवा सिंह जी ओबेरॉय
का स्वर्गवास 28 जनवरी 2024 को हो गया था।
उनकी आत्मिक शांति हेतु रखे गए श्री अखंड पाठ साहिब जी का भोग, कीर्तन एवं अंतिम अरदास दिनांक **03 फरवरी, दिन शनिवार** को निम्नानुसार है
पाठ साहिब की समाप्ति सुबह 10 बजे (हमारे निवास स्थान)
कीर्तन एवं अंतिम अरदास दोपहर 12 से 1 बजे (गुरूद्वारा श्री नानाकसर, नेहरू नगर, भिलाई)
उपरांत गुरू का लंगर(शांति भोज)
फर्म
मेसर्स सेवा सिंह ओबेरॉय एंड कंपनी
दुर्ग एवं दल्लीराजहरा परिवार एवं स्टाफ
शोकाकुल
कंवलजीत सिंह ओबेरॉय (पुत्र), प्रितपाल सिंह कोहली (दामाद)
प्रभजीत सिंह ओबेरॉय (पौत्र), हरसिमरन सिंह ओबेरॉय (पौत्र)
वमनदीप सिंह ओबेरॉय (पौत्र), हरवीर सिंह ओबेरॉय (प्रपौत्र)
निवास:- -MIG C325 पद्मनाभपुर दुर्ग (छ.ग.), 95220 22727, 94252 41213, 97550 24121
Deepak Advertisers

